चंडीगढ़ भास्कर 28/7/2026

### 'एक पेड़, एक जिंदगी' अभियान के तहत 2 संस्थाओं ने लगाए कुल 265 पौधे

# पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ में पर्यावरण संरक्षण को लेकर 'एक पेड़, एक जिंदगी' अभियान से प्रेरित गतिविधियों के तहत ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन ने शहर में रुद्राक्ष के 15 पौधे लगाए। पौधारोपण सेक्टर-46 सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर परिसर और सेक्टर-32 एसडी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में किया गया। फाउंडेशन के चेयरमैन रविंद्र सिंह बिल्ला ने बताया कि रुद्राक्ष धार्मिक महत्व के साथ पर्यावरणीय दृष्टि से भी उपयोगी माना जाता है और इसे देववृक्ष के रूप में देखा जाता है। कार्यक्रम में सेक्टर-46 सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान जतिंदर भाटिया, किन्नर मंदिर की प्रमुख कमली माता और एसडी कॉलेज गर्ल्स हॉस्टल की चीफ वार्डन लेफ्टिनेंट रितिका सिन्हा मौजूद रहीं। इस मौके पर मार्केट के पदाधिकारी अवनीश बंसल भी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में लोक विकास मंच और भारत विकास परिषद सेंट्रल का एक माह का वृक्षारोपण अभियान सोमवार को पूरा हुआ। समापन पर सेक्टर-48 के केंद्रीय विहार, यूनिवर्सल और सिल्वरटोन सोसाइटी के बीच ग्रीन बेल्ट में 250 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में पूर्व मेयर देवेश मौदगिल मुख्य अतिथि रहे।



लोक विकास मंच



ओंकार चैरिटेबल

दिव्य हिमाचल 29/7/2026

# चंडीगढ़ में रुद्राक्ष के पौधे लगाने की मुहिम



चंडीगढ़। ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन ने छेड़ी चंडीगढ़ में रुद्राक्ष की पौधे लगाने की मुहिम। सोमवार को शहर के सेक्टर-46 और सेक्टर-26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर परिसर सहित सेक्टर 32 के जीजीडीएसडी कॉलेज के गर्ल्ज होस्टल में रुद्राक्ष के 15 पौधे लगाए गए। इस अवसर सेक्टर-46 सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान जतिंदर भाटिया सहित अन्य पदाधिकारी और सेक्टर-26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर की प्रमुख कमली माता सहित सेक्टर 32 के एसडी कालेज के गर्ल्ज होस्टल की चीफवार्डन लेफ्टिनेंट रितिका सिन्हा, वार्डन उषा सावल सहित अन्य भी उपस्थित थे

चंडीगढ़ भास्कर 28/7/2026

## 'एक पेड़, एक जिंदगी' अभियान के तहत 2 संस्थाओं ने लगाए कुल 265 पौधे

# पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ में पर्यावरण संरक्षण को लेकर 'एक पेड़, एक जिंदगी' अभियान से प्रेरित गतिविधियों के तहत ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन ने शहर में रुद्राक्ष के 15 पौधे लगाए। पौधारोपण सेक्टर-46 सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर परिसर और सेक्टर-32 एसडी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में किया गया। फाउंडेशन के चेयरमैन रविंद्र सिंह बिल्ला ने बताया कि रुद्राक्ष धार्मिक महत्व के साथ पर्यावरणीय दृष्टि से भी उपयोगी माना जाता है और इसे देववृक्ष के रूप में देखा जाता है। कार्यक्रम में सेक्टर-46 सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान जतिंदर भाटिया, किन्नर मंदिर की प्रमुख कमली माता और एसडी कॉलेज गर्ल्स हॉस्टल की चीफ वार्डन लेफ्टिनेंट रितिका सिन्हा मौजूद रहीं। इस मौके पर मार्केट के पदाधिकारी अवनीश बंसल भी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में लोक विकास मंच और भारत विकास परिषद सेंट्रल का एक माह का वृक्षारोपण अभियान सोमवार को पूरा हुआ। समापन पर सेक्टर-48 के केंद्रीय विहार, यूनिवर्सल और सिल्वरटोन सोसाइटी के बीच ग्रीन बेल्ट में 250 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में पूर्व मेयर देवेश मौदगिल मुख्य अतिथि रहे।


लोक विकास मंच


ओंकार चैरिटेबल

चंडीगढ़ सवेरा 28/7/2026

# ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन ने मंदिरों में लगाए रुद्राक्ष के 15 पौधे

**सवेरा न्यूज/राकेश चंडीगढ़,** 27 जुलाई : ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से सोमवार को शहर के सेक्टर 46 और सेक्टर 26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर परिसर सहित सेक्टर 32 के एस डी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रुद्राक्ष के 15 पौधे लगाए गए। इस अवसर सेक्टर 46 सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान जतिंदर भाटिया सहित अन्य पदाधिकारी और सेक्टर 26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर की प्रमुख कमली माता सहित सेक्टर 32 के एस डी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल की चीफ वार्डन लेफ्टिनेंट रितिका सिन्हा वार्डन उषा सावल सहित अन्य भी उपस्थित थे। ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविन्द्र सिंह बिल्ला ने कहा कि आज फाउंडेशन की ओर से शहर में सेक्टर 46 सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 26 बापूधाम किन्नर मंदिर और सेक्टर 32 के एस डी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रुद्राक्ष के 15 पौधे लगाए गए हैं। रुद्राक्ष एक देववृक्ष है। यह जीवनरक्षक है। साथ ही इसका धार्मिक महत्व भी है। सेक्टर 46 सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रेसिडेंट और एस डी कॉलेज के पैट्रन जतिंदर भाटिया ने रविन्द्र सिंह बिल्ला जी की तरफ से लगाए गए रुद्राक्ष के पौधों के लिए आभार जताया। सेक्टर 26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर की प्रमुख कमली माता ने कहा कि मंदिर प्रांगण में रुद्राक्ष का पौधा लगाना बहुत पवित्र और शुभ माना जाता है।

चंडीगढ़ सवेरा 28/7/2026

# ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन ने मंदिरों में लगाए रुद्राक्ष के 15 पौधे

**सवेरा न्यूज/राकेश चंडीगढ़,** 27 जुलाई : ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से सोमवार को शहर के सेक्टर 46 और सेक्टर 26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर परिसर सहित सेक्टर 32 के एस डी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रुद्राक्ष के 15 पौधे लगाए गए। इस अवसर सेक्टर 46 सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान जतिंदर भाटिया सहित अन्य पदाधिकारी और सेक्टर 26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर की प्रमुख कमली माता सहित सेक्टर 32 के एस डी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल की चीफ वार्डन लेफ्टिनेंट रितिका सिन्हा वार्डन उषा सावल सहित अन्य भी उपस्थित थे। ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविन्द्र सिंह बिल्ला ने कहा कि आज फाउंडेशन की ओर से शहर में सेक्टर 46 सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 26 बापूधाम किन्नर मंदिर और सेक्टर 32 के एस डी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रुद्राक्ष के 15 पौधे लगाए गए हैं। रुद्राक्ष एक देववृक्ष है। यह जीवनरक्षक है। साथ ही इसका धार्मिक महत्व भी है। सेक्टर 46 सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रेसिडेंट और एस डी कॉलेज के पैट्रन जतिंदर भाटिया ने रविन्द्र सिंह बिल्ला जी की तरफ से लगाए गए रुद्राक्ष के पौधों के लिए आभार जताया। सेक्टर 26 बापूधाम स्थित किन्नर मंदिर की प्रमुख कम्मली माता ने कहा कि मंदिर प्रांगण में रुद्राक्ष का पौधा लगाना बहुत पवित्र और शुभ माना जाता है।